कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री प्रमोद कुमार आर्य C/o आर्य इलेक्ट्रीकल्स, सोमनाथ नगर, दौसा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा व
उपखण्ड अधिकारी दौसा, जिला दौसा
अपील सं0 45/2019

निर्णय दिनांक : 30.10.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा व लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2310–11 दिनांक 04.10.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित उनके पत्रांक 903 दिनांक 10.10.2019 के पृष्टांकित पत्र द्वारा उपखण्ड अधिकारी दौसा को सूचना हेतु निर्देशित किया गया। उपखण्ड अधिकारी दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित पत्रांकःपीए/एफ–42/आरटीआई/2019/3238 दिनांक 23.09.2019 एवं अपीलांट को पूर्व मे प्रेषित पत्रांक 3487 दिनांक 18.10.2019 मे अंकितानुसार अपीलांट को प्रेषित जबाव/सूचना अस्पष्ट एवं अधूरी है। अतः अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा व लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, दौसा जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को स्पष्ट जबाव/सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Date: 2019.11.08 15:43:38 IST
Reason: SelfAttested